DEC. 2022

VOLUME 02

VIDYA BHARATI

Purv Chatra Parishad

NEWS LETTER

THE OFFICIAL NEWSLETTER OF VIDYA BHARATI PURV CHATRA PARISHAD

NEW THIS YEAR :

Vidya Bharati : an Intro. PAGE 2

Motive's : VB Alumini PAGE 3

VB Alumni Portal PAGE 4

Media Coverage PAGE 16

पूर्व छात्र सम्मेलन,जयपुर एवं चितौड़ प्रान्त

परम आदरणीय श्री कृष्ण गोपाल जी

(माननीय सहसरकार्यवाह,राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) का प्रेरणादायी मार्गदर्शन

विद्या भारती एक परिचय

http://vidyabharti.net

विद्या भारती का पूरा नाम "विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान" है। यह शिक्षा के क्षेत्र में सबसे बड़ी अशासकीय संस्था है। इसके अन्तर्गत भारत में लगभग 23,320 से ज्यादा शैक्षिक संस्थान कार्य कर रहे हैं। इसकी स्थापना सन् 1977 में हुई थी। विद्या भारती, शिक्षा के सभी स्तरों – प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च पर कार्य कर रही है। इसके अलावा यह शिक्षा के क्षेत्र में अनुसंधान करती है। इसका अपना ही प्रकाशन विभाग है जो बहुमूल्य पुस्तकें, पत्रिकाएँ एवं शोध-पत्र प्रकाशित करता है।

बालक ही हमारी आशाओं का केंद्र है. वही हमारे देश, धर्म एवं संस्कृति का रक्षक है. उसके व्यक्तित्व के विकास में हमारी संस्कृति एवं सभ्यता का विकास निहित है. आज का बालक ही कल का कर्णधार है. बालक का नाता भूमि एवं पूर्वजों से जोड़ना, यह शिक्षा का सीधा, सरल तथा सुस्पस्ट लक्ष्य है. शिक्षा और संस्कार द्वारा हमें बालक का सर्वांगीण विकास करना है.

विद्या भारती इसी भाव को आगे बढ़ाते हुए शिक्षा के क्षेत्र का सबसे बड़ा गैर सरकारी संगठन है। विद्या भारती संघ परिवार का एक अंग है। विद्या भारती के तहत, 23,320 शिक्षण संस्थान संचालित होते है। विद्या भारती शिशुवाटिका, प्राथमिक, उच्च प्राथमिक, माध्यमिक, वरिष्ठ माध्यमिक, संस्कार केंद्र, एकल विद्यालय, पूर्ण एवं अर्द्ध आवासीय विद्यालय और महाविद्यालयों के छात्रों के लिए शिक्षा प्रदान करता है।

1952 में संघ प्रेरणा से कुछ निष्ठावान लोग शिक्षा के पुनीत कार्य में जुटे। राष्ट्र निर्माण के इस कार्य में लगे लोगों ने नवोदित पीढ़ी को सुयोग्य शिक्षा और शिक्षा के साथ संस्कार देने के लिए "सरस्वती शिशु मंदिर" की आधारशिला गोरखपुर में पांच रुपये मासिक किराये के भवन में पक्की बाग़ में रखकर प्रथम शिशु मंदिर की स्थापना से श्रीगणेश किया। इससे पूर्व कुरुक्षेत्र में गीता विद्यालय की स्थापना 1946 में हो चुकी थी।

आज लगभग सम्पूर्ण भारत में 86 प्रांतीय एवं क्षेत्रीय समितियाँ विद्या भारती से संलग्न हैं। इनके अंतर्गत कुल मिलाकर 23,320 शिक्षण संस्थाओं में 1,47,634 शिक्षकों के मार्गदर्शन में 34 लाख छात्र-छात्राएं शिक्षा एवं संस्कार ग्रहण कर रहे हैं। इनमें से 49 शिक्षक प्रशिक्षक संस्थान एवं महाविद्यालय, 2353 माध्यमिक एवं 923 उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, 633 पूर्व प्राथमिक एवं 5312 प्राथमिक, 4164 उच्च प्राथमिक एवं 6127 एकल शिक्षक विद्यालय तथा 3679 संस्कार केंद्र हैं। आज नगरों और ग्रामों में, वनवासी और पर्वतीय क्षेत्रों में झुग्गी-झोंपड़ियों में, शिशु वाटिकाएं, शिशु मंदिर, विद्या मंदिर, सरस्वती विद्यालय, उच्चतर शिक्षा संस्थान, शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र और शोध संस्थान हैं। इन सरस्वती मंदिरों की संख्या निरंतर बढ़ रही है और आज विद्या भारती भारत में सबसे बड़ा गैर सरकारी शिक्षा संगठन बन चुका है।

पूर्व छात्र परिषद के उद्देश्य

01.विद्या भारती विद्यालयों में पढ़ने वाले वर्तमान छात्रों,पूर्व छात्रों को शारीरिक,मानसिक,प्राणिक,आध्यात्मिक,बौद्धिक विकास के अवसर प्रदान करना।

02.विद्या भारती विद्यालयों के भैया-बहिनों के शैक्षिक उन्नयन के लिए समय समय पर मौलिक, गुणवत्तामूलक,उपचारात्मक शिक्षण करना,करवाना और इस हेतु मार्गदर्शन करना।

03.सक्षम पूर्व छात्रों को वर्तमान में चल रहे विद्या मंदिरों का दर्शन करवाना व विद्यालय के विकास हेतु सहयोग के लिए प्रेरित करना।

04.समय-समय पर परिषद के तत्वावधान में वर्तमान एवं पूर्व छात्रों के लिए करियर प्रबोधन,कुटुंब प्रबोधन,संत समागम और व्यक्तित्व विकास प्रवचन जैसे कार्यक्रमों का आयोजन करवाना।

05.समाज में विद्या भारती पूर्व छात्र परिषद का मानव संसाधन विकसित करना जो समाज के पिछड़े,वंचित,अभावग्रस्त वर्ग को मुख्य धारा में लाने का पुरज़ोर प्रयास करे।

06.पोषण,स्वास्थ्य,रक्तकोष,प्लाज्मा कोष,चिकित्सक दल,चिकसकीय जांच दल सरीखे प्रकल्पों की सूचियां तैयार करके समय समय पर इनके शिविर आयोजित करना।

07.राष्ट्रभक्ति से ओत प्रोत,संस्कारक्षम,देश की दशा और दिशा बदलने की सीख देने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करना और ऐसे कार्यक्रमों को मार्गदर्शन देना।

08.वर्तमान में कार्यरत एवं पूर्व में कार्य करके विद्या भारती से सेवानिवृत्त हो चुके गुरुजनों की एवम उनके परिवार जनों की सार संभाल करना।

09.व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण का पवित्र लक्ष्य लेकर चलने वाली राष्ट्रवादी ताकतों को समर्थन देकर पुष्ट करना।

10.विद्या भारती के लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में उत्तरोत्तर प्रगति करना।

वीबी पोर्टल

विद्या भारती पूर्व छात्र पोर्टल (www.vidyabharatialumni.org) एक ऑनलाइन मंच है जहां विद्या भारती विद्यालयों के सभी पूर्व छात्र विद्यालयों, छात्रों, शिक्षकों और बैच साथियों से जुड़ सकते हैं, इस प्रकार एक जीवंत ऑनलाइन पूर्व छात्र समुदाय का निर्माण कर सकते हैं।

वर्ष 2018 में लॉन्च होने के बाद से, 8 लाख 92,000 से अधिक पूर्व छात्र, 17,000 शिक्षक और 11,800 से अधिक विद्यालय पहले ही पोर्टल में पंजीकृत हो चुके हैं। 390 से अधिक पूर्व छात्रों की कहानियों को उनकी उपलब्धियों, सफलता की कहानियों और सामाजिक कार्यों पर प्रकाश डालते हुए मंच पर प्रदर्शित किया गया है।

मंच का मुख्य उद्देश्य एक मजबूत इंटरकनेक्टेड पूर्व छात्र समुदाय बनाना और समर्थन करना है जो बदले में सफल पूर्व छात्रों की बैठक आयोजित करने, विकास गतिविधियों के लिए धन जुटाने, छात्रों को सलाह देने और बहुत कुछ करने में मदद करेगा।

पूर्व छात्रों के रुप में पंजीकरण करने के लिए, यहां जाएं

www.vidyabharatialumni.org/alumni/register

विद्याभारती स्कूल यहां पंजीकरण कर सकते हैं

www.vidyabharatialumni.org/register-school

सोशल मिडिया से जुड़ने के लिए नीचे दिए गए आइकॉन पर क्लिक करें।

गौरव के क्षण

सरस्वती बाल मंदिर, हरिनगर -दिल्ली के पूर्व छात्र तरुण जी को महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मू जी ने अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित किया।

सरस्वती विद्या मंदिर कोटरा भोपाल के पूर्व छात्र भैया भूपेश पटेल के सेवा क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य व योगदान हेतु उन्हें महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी द्वारा राष्ट्रपति भवन में पुरस्कृत किया गया।

गौरव के क्षण

विद्या भारती की पूर्व छात्रा,मध्यप्रदेश के सीहोर जिले की मेघा परमार ने 147 फीट की टेक्निकल स्कूबा डाइविंग कर विश्व पटल पर सभी को गौरवान्वित किया है,इसी के साथ मेघाजी विश्व की पहली महिला बन गई जिन्होंने 4 महाद्वीपो के शिखर को फतह किया है।

मेघा परमार

"बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ "
अभियान की ब्रांड एम्बेसडर है।

सरस्वती बालिका उच्च माध्यमिक विद्या मंदिर, जवाहर नगर (जयपुर) में पूर्व छात्रा सम्मेलन का आयोजन

गौरव के क्षण

श्रीमदभगवद गीता विद्यालय कुरुक्षेत्र के 1989 बैच के पूर्व छात्र एडवोकेट दीपक मनचंदा जी Punjab & Haryana High Court में जज नियुक्त हुए

शिक्षा के क्षेत्र में SchoolOfRam के माध्यम से भारत केंद्रित शिक्षा हेतु एक शोधात्मक अभिनव प्रयोग के लिए एवं भारतीय सनातन धर्म-संस्कृति के प्रचार-प्रसार,चिंतन एवं नई युवा पीढ़ी में उन भारतीय संस्कारों और आदर्शों को अभिनव तरिकों से जन-जन तक पहूँचाने हेतु किए गए उल्लेखनीय कार्य के लिए 29 मई 2022 को इंटरनेशनल इंटर्नशिप युनिवर्सिटी (IIU) के नई दिल्ली में आयोजित दीक्षांत समारोह में नेपाल की पूर्व प्रधानमंत्री सुजाता कोराला,सिनियर स्पेस साइंटिस्ट,इसरो श्री टी.एन. सुरेश कुमार,एलेन इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर ब्रजेश माहेश्वरी,आ. श्री के.एल गंजु जी द्वारा विद्या भारती द्वारा संचालित विद्यालय श्री बलराम उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मन्दिर, बस्सी के पूर्व छात्र काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में अध्यनरत स्कूल ऑफ राम के संस्थापक प्रिंस तिवाड़ी को मानद डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गई।

समाचार

48 वर्ष बाद मिले पूर्व छात्र

कुरुक्षेत्र - हरियाणा

1974 बैच के पूर्व छात्रों का परिवार मिलन समारोह

सरस्वती बिहार, नैनीताल में 1983 बैच के पूर्व छात्रों का सम्मेलन आयोजित किया गया।

समाचार

पूर्व छात्रों ने 2 करोड़ की लागत से बड़ा हॉल बनाने की घोषणा की

पूर्व छात्र परिषद ने आदर्श विद्या मंदिर नोखा में ₹ 2 करोड़ की लागत से बड़ा हॉल बनाने की घोषणा की

आदर्श विद्या मंदिर नोखा में स्नेह मिलन कार्यक्रम हुआ

भास्कर न्यूज़ | नोखा

विद्या भारती विद्यालय आदर्श विद्या मंदिर नोखा के पूर्व छात्र परिषद नोखा का स्नेह मिलन कार्यक्रम आदर्श विद्या मंदिर रायसर रोड नोखा में हुआ। मुख्य वक्ता विद्या भारती जोधपुर प्रांत सचिव महेन्द्र कुमार दवे, विशिष्ट अतिथि पूर्व छात्र आरएएस शिवेन्द्र सिंह राठौड़, कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रबंध समिति नोखा के सदस्य आनंदी लाल बजाज थे।

प्रधानाचार्य मूलचंद तावणिया ने बताया कि आदर्श विद्या मंदिर में अध्ययन कर चुके सभी छात्रों को निमंत्रण दिया गया था। पूर्व छात्र परिषद द्वारा विद्या मंदिर में 2 करोड़ रुपए की लागत से बड़ा हॉल बनाने की घोषणा की गई। जिसमें इंडोर गेम की समस्त सामग्री होगी। पूर्व छात्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी गई। विशिष्ट अतिथि शिवेन्द्र सिंह ने बताया कि विद्या मन्दिर के संस्कार, चरित्र, और समय समय पर आयोजित होने वाली विभिन्न गतिविधिया ही उसकी सफलता में अहम भूमिका निभाई हैं। पूर्व छात्र परिषद का प्रतिवेदन सतीश कुमार झंवर ने रखा।

मुख्य वक्ता दवे ने बताया कि पूर्व छात्र परिषद समाज परिवर्तन के कार्य में लगी हैं पूर्व छात्र परिषद से चार प्रकार के कार्यों का आह्वान किया जिसमें व्यक्तिगत कार्य को ईमानदारी और प्रमाणिकता से पूर्ण करना, अपनी ज्ञान परम्परा को अपनी दूसरी पीढ़ी में स्थानांतरित करना, सामाजिक कार्य में स्वयं को जोड़ना, जब भी समय मिले, तब विद्यालय में आवागमन बढ़ावे।

पूर्व छात्र परिषद प्रमुख छैलूदान चारण ने बताया कि सभी बैचों का प्रतिनिधित्व रहा और लगभग 400 पूर्व भैयाओं ने कार्यक्रम में अपनी भागीदारी निभाई। कार्यक्रम में विद्यालय के पूर्व प्रधानाचार्य, आचार्य उपस्थित थे। आदर्श शिक्षण संस्थान के संरक्षक शिवनारायण झंवर, जिला सचिव बुधराम गरवा, नोखा विधायक बिहारीलाल बिश्नोई, प्रबंध समिति आदर्श विद्या मंदिर नोखा के मुरलीमनोहर मोहता, रामूराम सियाग, अनिल कुमार जैन, ललित करवा, भागचंद बिश्नोई, भगवाना राम, चंद्रकला चौधरी आदि कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन महावीर पारीक ने किया। पूर्व छात्र परिषद संयोजक मोहित जोशी ने आभार जताया।

पूर्व छात्र परिषद का आदर्श विद्या मंदिर नोखा में पूर्व छात्र सम्मेलन ।

समाचार

आदर्श विद्या मंदिर मंडावरी(राजस्थान)के पूर्व छात्रो का स्नेह मिलन कार्यक्रम

पूर्व छात्र सम्मलेन, चम्पावत(उत्तराखण्ड)की झलकियां

जिला बक्सर(बिहार) में जिला स्तरीय पूर्व छात्र सम्मेलन

समाचार

विद्या भारती पूर्व छात्र परिषद, नोएडा द्वारा संचालित संस्कार केंद्र के चित्र (अभी संस्कार केंद्र में 65 बालक शिक्षा व संस्कार प्राप्त कर रहे हैं)

विद्या भारती पूर्व छात्र परिषद,त्रिपुरा द्वारा आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम

विद्या भारती पूर्व छात्र परिषद ने किया भोपाल के जनजातीय ग्रामों में थैलेसीमिया , सिकल सेल टेस्टिंग का निशुल्क कैंप

समाचार

पूर्व छात्र सम्मेलन - ब्रज प्रान्त वृन्दावन



राष्ट्रीय नाट्य संस्थान,दिल्ली में आ. काशिपति जी द्वारा विद्या भारती के पूर्व छात्रों का मार्गदर्शन

विद्या भारती साधारण सभा 25-27 मार्च 2022 (रांची झारखंड)

समाचार

सहयोग ! सेवा ! समर्पण

विदेश में रहने वाले पूर्व छात्रों के सहयोग से और सेवा इंटरनेशनल के माध्यम से 5 High Frequency Ventilators आज श्रीमदभगवदगीता विद्यालय, कुरुक्षेत्र पहुंचे।

यह सुविधा भी जरूरतमन्द मरीज़ो को निःशुल्क रहेगी। पिछले वर्ष 2021 में कोरोना की दूसरी लहर में भी 4 Oxygen Concentrators अमेरिका और जापान से आये थे और अभी भी लगातार मरीजों को घर के लिए निःशुल्क उपलब्ध करवाए जा रहे हैं।

जल्दी ही पांचों Ventilators भी आम समाज को निःशुल्क समर्पित रहेंगे।

दीपावली पर असहाय लोगों की मदद

पूर्व छात्रों की पहल

हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री बलराम आदर्श विद्या मंदिर बस्सी के पूर्व छात्रों ने जयपुर के आस-पास कच्ची बस्तियों,झुग्गी-झोपड़ीयों,सड़क किनारे रहने वाले लगभग 1500 जरूरतमंद लोगों,भारतीय विमुक्त घुमंतू और अर्धघुमंतू जनजातियों के बंधु-बांन्धवों के बीच कपड़ों का वितरण किया गया।

गौरतलब है कि विद्या मंदिर के पूर्व छात्रों की एक अपील "की इस दीवाली के महापर्व पर हम सिर्फ अपने ही नहीं दूसरों के जीवन में भी खुशियों के दीप जलाएं" पर नगर के अलग-अलग परिवारों से पुराने कपड़े एकत्रित किए गए थे।

विद्या भारती पूर्व छात्र परिषद, ग़ाज़ियाबाद

विद्या भारती के पूर्व छात्रों द्वारा घर-घर तिरंगा अभियान

Media Coverage

पूर्व छात्र परिषद ने आदर्श विद्या मंदिर नोखा में ₹ 2 करोड़ की लागत से बड़ा हॉल बनाने की घोषणा की

आदर्श विद्या मंदिर नोखा में स्नेह मिलन कार्यक्रम हुआ

भास्कर न्यूज़ | नोखा

VBPCP is now largest alumni association in the world

...lents registered
...hatra Parishad

विद्याभारती बना पंजीकृत पूर्व छात्रों का विश्व में सबसे बड़ा संगठन: सांचिराम पायेंग

विद्या भारती का प्रांतीय पूर्व छात्र सम्मेलन आयोजित

भरतपुर की छात्राओं ने दी राधा-कृष्ण की मनमोहक प्रस्तुति

67 देशों में बसे विद्या भारती पूर्व छात्र परिषद के सदस्यों की संख्या साढ़े आठ लाख पार

विनोद चौधरी • कुरुक्षेत्र

50 -50 पूर्व विद्यार्थी कनाडा व यूनाइटेड किंगडम से भी जुड़े

- विश्व में पहले स्थान पर पहुंची परिषद के पूर्व विद्यार्थियों की संख्या
- अभियान के पहले दिन 12 हजार पूर्व

लिम्का बुक आफ वर्ल्ड रिकार्ड के लिए किया आवेदन

परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डा. पंकज शर्मा ने बताया कि

विद्या भारती का प्रांतीय पूर्व छात्र सम्मेलन

शिक्षा के साथ संस्कार ही छात्रों की असली पूंजी : चौधरी

विद्या भारती के लक्ष्य स्मृति महोत्सव के लिए पूर्व छात्रों की संगोष्ठी का हुआ आयोजन

बॉदीकुई के पूर्व छात्र छात्राओं की संगोष्ठी हुई संपन्न

महोत्सव में ज़िले के 11000 से अधिक पूर्व छात्र होंगे एकत्रित

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

विद्या भारती से निकले विद्यार्थी देश-दुनिया में फहरा...

विद्या भारती के पूर्व छात्रों का सम्मेलन

जयपुर विजन — कंट्री विजन 3

शिक्षा के साथ संस्कार ही विद्यार्थियों की असली पूंजी

विद्या भारती के पूर्व ... सम्मेलन में पहुंचे ... जिलो के 1000 छा...

उत्तर भारत में अपराधियों पर नकेल कस रहे विद्या भारती के पूर्व छात्र

किडनी रोगी पूर्व छात्र के लिए बच्चों ने तोड़ी गुल्लक

शिक्षा नीति लागू करने के लिए विद्या भारती के स्कूल हैं प्रतिबद्ध : मोहंत

लाइफ रिपोर्टर @ रांची

सामाजिक चेतना को जागृत कर समाज के अंतिम व्यक्ति को भी राष्ट्र की मुख्यधारा से जोड़ना हमारा लक्ष्य है और इसके लिए हम प्रतिबद्ध हैं. ये बातें विद्या भारती के अखिल भारतीय सह संगठन मंत्री गोविंद चंद्र मोहंत ने ... में हीरालाल नारसरिया ट्रस्ट के सहयोग से 1.30 लाख परिवारों में आर्सेनिक एल्बम 30 (होम्योपैथिक दवा) का वितरण किया गया. झारखंड के सरस्वती शिशु विद्या मंदिरों के छात्रों के माध्यम से 65 हजार पोस्ट कार्ड लेखन का लक्ष्य लिया गया है. श्री मोहंत ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति

विद्यालय सामाजिक चेतना का केन्द्र बने यही हमारा लक्ष्य है : गोविंदचंद्र मोहंती

रांची। विद्या भारती के अखिल भारतीय सह संगठन मंत्री गोविंदचंद्र मोहंती ने कहा कि सामाजिक चेत... जागृत कर समाज के अंतिम व्य... भी राष्ट्र की मुख्यधारा से जोड़ना ... लक्ष्य है। इसके लिए हम प्रतिबद्ध ... हंती मंगलवार को विद्या विकास ... के प्रांतीय कार्यालय में पत्रकारों से ... चीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ... भारती पूरे देश के साथ झारखंड ... 243 सरस्वती शिशु विद्या ... सरस्वती शिक्षा संस्कार केन्द्रों तथा ... भारती के पूर्व छात्र परिषद आज ... का सबसे बड़ा संगठन है। इसके ... से देश के युवा पीढ़ी को शि... साथ-साथ शारीरिक, प्राणिक मा... बौद्धिक और आध्यात्मिक दृष्टि से ...

... लक्ष्य लिया गया है। साथ ही राष्ट्र गीत का गायन, बाल बलिदानों का गौरव

दैनिक पूर्वोदय 5 April 2022

अगले साल से मिजोरम में भी शुरु होंगे विद्या भारती के स्कूल

पूजा अर्चना कर सम्मेलन के सफल आयोजन की कामना...

लक्ष्य स्मृति महोत्सव : गणेशजी को न्योता दिया

पत्रिका सोशल प्राइड

पत्रिका न्यूज नेटवर्क

दौसा. गणेश निमंत्रण के लिए मंदिर पहुंचे लोग।

बांदीकुई के बालिका आदर्श विद्या मंदिर में विद्या भारती के लक्ष्य स्मृति महोत्सव को लेकर आयोजित बैठक में उपस्थित पदाधिकारी।

दौसा. विद्या भारती की ओर से होने वाले पूर्व छात्र सम्मेलन के लिए प्रथम पूज्य गणेश जी को निमंत्रण दिया गया। प्रधानाचार्यों व पूर्व छात्र परिषद के सदस्यों ने सब्जी मंडी स्थित गणेश मंदिर में पूजा-अर्चना कर सम्मेलन के सफल आयोजन की कामना की।

पूर्व छात्र परिषद जयपुर प्रांत के संयोजक मनोज राघव ने बताया कि 8 जनवरी को आदर्श विद्या मंदिर जयपुर रोड दौसा पर लक्ष्य स्मृति महोत्सव आयोजित होगा। इस सम्मेलन के लिए 11 हजार पूर्व छात्र-छात्राओं का पंजीयन करने का लक्ष्य तय किया है। गणेश निमंत्रण के साथ ही महोत्सव की तैयारियों का आगाज हुआ है। ...

बैठक में महोत्सव पर चर्चा, 11000 पंजीयन का लक्ष्य

विद्या भारती के लक्ष्य स्मृति महोत्सव के लिए बैठक का हुआ आयोजन

11000 से अधिक पूर्व छात्र होंगे एकत्रित

विद्या भारती के लक्ष्य स्मृति महोत्सव के लिए पूर्व छात्रों की संगोष्ठी का हुआ आयोजन

» लालसोट व बसवा के पूर्व छात्र छात्राओं की संगोष्ठी हुई संपन्न

» महोत्सव में ज़िले के 11000 से अधिक पूर्व छात्र होंगे एकत्रित

विद्या भारती लक्ष्य स्मृति महोत्सव की तैयारियां जोरों पर, शामिल होंगे 11 हजार छात्र

बांदीकुई (निसं)। विद्या ...

विद्या भारती के लक्ष्य स्मृति महोत्सव के लिए पूर्व छात्रों की संगोष्ठी का हुआ आयोजन

महोत्सव में ज़िले के 11000 से अधिक पूर्व छात्र होंगे एकत्रित

विद्या भारती पूर्व छात्र परिषद की अखिल भारतीय बैठक गाजियाबाद (4-5 दिसम्बर 2021)

आ. श्री काशीपति जी का प्रेरणादायी मार्गदर्शन

सम्पादक मंडल

1. शरद कुमार जोशी (राजस्थान)
2. स्वपना देवी (असम)
3.पुलकेशी जानी(गुजरात)
4. दीपक असरानी(उत्तर प्रदेश)
5. प्रिंस तिवाड़ी (राजस्थान)